INDIA NON JUDICIAL

Government of Uttar Pradesh

e-Stamp

IN-UP82914060020559W

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | IN-UP82914060020559W |
| Certificate Issued Date | : | 19-Jun-2024 10:36 AM |
| Account Reference | : | NEWIMPACC (SV)/ up14137104/ MEERUT/ UP-MRT |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UPUP1413710462155110066375W |
| Purchased by | : | MAHILA MANVADHIKAR TRUST |
| Description of Document | : | Article 64 (A) Trust - Declaration of |
| Property Description | : | Not Applicable |
| Consideration Price (Rs.) | : | |
| First Party | : | MAHILA MANVADHIKAR TRUST |
| Second Party | : | SATISH CHAND |
| Stamp Duty Paid By | : | MAHILA MANVADHIKAR TRUST |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 750<br>(Seven Hundred And Fifty only) |

सत्यमेव जयते

E-STAMP VERIFIED

E-STAMP LOCKED

IN-UP82914060020559W

Please write or type below this line

## ट्रस्ट विलेख

यह ट्रस्ट डीड आज दिनॉक **19–06–2024** को **श्री सतीश चन्द पुत्र स्व0 श्री धर्मबीर सिंह** द्वारा, जिन्हें उक्त विलेख में इसके पश्चात् **संस्थापक/मैनेजिंग ट्रस्टी** कहा गया है, **जनपद–मेरठ।** में तहरीर किया गया।

इस ट्रस्ट की स्थापना **श्री सतीश चन्द पुत्र स्व0 श्री धर्मबीर सिंह उम्र लगभग 48 वर्ष, पता– ग्राम–बली, पोस्ट–दुर्वेशपुर, थाना–परिक्षितगढ़, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ** ने अंकन रू–**10,000/–** से **जनपद–मेरठ।** में स्थापित किया।

इस ट्रस्ट का नाम **महिला मानवाधिकार ट्रस्ट,** होगा।

तथा इस ट्रस्ट का प्रथम मुख्य कार्यालय का पता–**ग्राम–बली, पोस्ट–दुर्वेशपुर, थाना–परिक्षितगढ़, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ** होगा। जो कि आवश्यकतानुसार, ट्रस्टीयों के बहुमत के निर्णय से अन्य स्थानों पर स्थानान्तरित किया जा सकेगा तथा इसकी अलग–अलग जगहों पर शाखाएं भी खोली जा सकेंगी।

इस ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र– **समस्त भारत वर्ष** होगा।

RD 0023393832

सतीश चन्द

**Statutory Alert:**

1. The authenticity of this Stamp certificate should be verified at 'www.shcilestamp.com' or using e-Stamp Mobile App of Stock Holding. Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website / Mobile App renders it invalid.
2. The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.
3. In case of any discrepancy please inform the Competent Authority.

निम्नलिखित अठारह आजीवन ट्रस्टीगण ट्रस्ट– **महिला मानवाधिकार ट्रस्ट, ग्राम–बली, पोस्ट–दुर्वेशपुर, थाना–परिक्षितगढ़, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ** में आजीवन ट्रस्टी रहेंगे।
जिनके नाम व पते निम्न प्रकार हैं:–

1. श्री सतीश चन्द पुत्र स्व0 श्री धर्मबीर सिंह उम्र लगभग 48 वर्ष
   पता– ग्राम–बली, पोस्ट–दुर्वेशपुर, थाना–परीक्षितगढ़, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ
2. श्री कुशल पाल सिंह पुत्र स्व0 श्री बिजेन्द्र सिंह उम्र लगभग 30 वर्ष
   पता–ग्राम–निडावली, पोस्ट–अल्लीपुर मोरना, थाना–हस्तिनापुर तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ
3. श्रीमती रीनू यादव पत्नी श्री जयवीर सिंह उम्र लगभग 37 वर्ष
   पता–ग्राम व पोस्ट–तोफापुर, थाना–इन्चौली, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ
4. श्रीमती सुनीता मावी पत्नी श्री सतीश चन्द उम्र लगभग 45 वर्ष
   पता–ग्राम–बली, पोस्ट–दुर्वेशपुर, थाना–परीक्षितगढ, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ
5. श्री रवि शेखर पुत्र श्री धर्मवीर उम्र लगभग 44 वर्ष
   पता– पता–ग्राम व पोस्ट–तोफापुर, थाना–इन्चौली, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ
6. श्रीमती पूनम रानी पत्नी श्री मोहित उम्र लगभग 39 वर्ष
   पता– ग्राम व पोस्ट–चितवाना शेरपुर, थाना–परिक्षितगढ, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ
7. श्रीमती गीता रानी पत्नी श्री रामपाल उम्र लगभग 40 वर्ष
   पता– ग्राम–गणेशपुर, पोस्ट–करीमपुर, थाना–हस्तिनापुर, तहसील–मवाना जनपद–मेरठ
8. श्रीमती पिंकी पत्नी श्री पप्पन उम्र लगभग 36 वर्ष
   पता– ग्राम–बिहारगढ इलाहावास, पोस्ट–मोरना, थाना–भोपा, तहसील–जानसठ, जनपद– मुजफफरनगर
9. श्रीमती रेखा पत्नी श्री तिलक उम्र लगभग 40 वर्ष
   पता– ग्राम व पोस्ट–शुक्रताल, थाना–भोपा, तहसील–जानसठ, जनपद–मुजफ्फरनगर
10. श्रीमती राधा पत्नी श्री धीरज सैनी उम्र लगभग 32 वर्ष
    पता– ग्राम–बातनोर, पोस्ट–फलावदा, थाना–फलावदा, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ
11. श्रीमती बबीता पत्नी श्रीपाल सिंह उम्र लगभग 38 वर्ष
    पता–ग्राम–कटीरा जाफराबाद, पोस्ट–भैना, थाना–बहादुरगढ तहसील–गढमुक्तेश्वर, जनपद–हापुड
12. श्रीमती नीरज पत्नी श्री सुशील कुमार उम्र लगभग 44 वर्ष
    पता–ग्राम व पोस्ट–दर्वेशपुर, थाना–परिक्षितगढ, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ

सतीश च०

13 श्रीमती ममता पत्नी श्री प्रवीन वर्मा उम्र लगभग 39 वर्ष
पता— 1305, मोहल्ला काबलीगेट, हस्तिनापुर रोड, थाना—मवाना, जनपद—मेरठ


14 श्रीमती बबीता पत्नी श्री मदन सिंह उम्र लगभग 42 वर्ष
पता— ग्राम— इन्दरपुरा, रार्धना इनायतपुर, थाना—किठौर, तहसील—मवाना, जनपद—मेरठ

15 श्रीमती संजू देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश भाटी उम्र लगभग 51 वर्ष
पता— ग्राम— इन्दरपुरा, रार्धना इनायतपुर, थाना—किठौर, तहसील—मवाना, जनपद—मेरठ

16 श्रीमती सुमन पत्नी श्री मनीराम उम्र लगभग 43 वर्ष
पता— ग्राम व पोस्ट—रसूलपुर औरंगाबाद थाना—भावनपुर तहसील—मेरठ जनपद—मेरठ

17 श्रीमती सुमन पत्नी श्री सुबोध मावी उम्र लगभग 44 वर्ष
पता— 7, ब्लाक 17, स्प्रिंग फील्ड कॉलोनी, सेक्टर—31—32, फरीदाबाद, हरियाणा

18 श्रीमती ममता पत्नी श्री योगेन्द्र कुमार उम्र लगभग 41 वर्ष
पता—ग्राम—ढोलपुर, पोस्ट—भैना ढोलपुर, थाना—बहादुरगढ, तहसील—गढमुक्तेश्वर, जनपद—हापुड



VINEET KUMAR JAIN
Advocate
F-6, New Law Chamber Building
Civil Court, Meerut (U.P.)
Mob. No.: 0936855554

# ट्रस्ट के उद्देश्य निम्नवत् होंगे।

1 जीव–मात्र की रक्षा के लिए प्रयत्नशील रहना।
2 धर्मार्थ चिकित्सालय, औषधालय की स्थापना करना एवं संचालन करना।
3 समाज के पिछड़े और उपेक्षित, दलित एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को शैक्षणिक, सामाजिक व आर्थिक विकास हेतु सहायता करना।
4 हस्त शिल्प एवं वस्त्र मंत्रालय से सम्बद्ध उद्योगों, शिविर एवं केन्द्रों की स्थापना करना, प्रदर्शनी लगाना एवं देश विदेश में प्रचार एवं प्रसार करना।
5 नर्सरी कक्षा से उच्चतम शिक्षा तक तथा तकनीकी, व्यवसायिक शिक्षा के लियें स्कूल एवं कालेज खोलना व छात्रो की हर प्रकार से सहायता करना।
6 पिछड़े हुये युवाजनों के बौद्धिक विकास के लिये पुस्तकालय, वाचनालय की स्थापना करना।
7 कुष्ठ तथा अपाहिज, विकलांग एवं संक्रामक रोगो से ग्रस्त निराश्रित निःसहाय लोगों की चिकित्सा, आश्रय स्थल, स्वास्थ्य केन्द्रो की व्यवस्था करना एवं संचालन करना।
8 निराश्रित महिलाओं और बच्चों के लिए आश्रय स्थल, नारी सुलभ उद्योगों का प्रशिक्षण एवं महिला एवं बाल विकास केन्द्रों, वृद्धाश्रम एवं स्वास्थ्य केन्द्रो की स्थापना करना। तथा उन्हें योग्य बनाने हेतु विभिन्न कार्यों की ट्रेनिंग देना तथा उनके रोजगार के लिये सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता लेकर हर सम्भव प्रयास करना।
9 जाति धर्म, और भाषा के आधार पर उत्पन्न हुए द्वेष वैमनस्य की भावना को दूर करना राष्ट्रीय एकता की भावना पैदा करना।
10 धार्मिक, तकनीकि, सामाजिक व अन्य शिक्षण सम्बन्धी पुस्तकों, पत्रिकाओं, समाचार पत्रों आदि का प्रकाशन करना एवं प्रचार करना।
11 देश, विदेश की सम उद्देश्यों वाली संस्थाओं से सम्पर्क स्थापित कर उद्देश्यों की पूर्ति करना।
12 कम्पयूटर एजुकेशन तथा अन्य तकनीकि से सम्बन्धित बेसिक शिक्षा आई0 टी0 प्रोग्राम से लेकर उच्चतम शिक्षा तक के शिक्षण संस्थानो की स्थापना एवं संचालन करना तथा छात्रो की हर सम्भव सहायता करना।
13 परिवार नियोजन, एड्स, हैपिटाइटिस–बी, योग, नशा मुक्ति तथा अन्य विभिन्न रोगों आदि के लियें स्वास्थ शिविर लगाना, अस्पताल खोलना तथा स्वास्थ सम्बन्धी सभी कार्य करना।
14 मानवता की भलाई के लिए नेत्र दान, रक्त दान, अंग दान आदि को प्रोत्साहित करना व इस विषय में जागरूकता उत्पन्न करना।
15 उपभोक्ता संरक्षण तथा मानवाधिकार के लिए जागरूकता पैदा करना, बाल श्रमिक प्रथा को समाप्त करने का प्रयास करना, तथा बन्धुआ मजदूरी को समाप्त करना एवं उनकें पुर्नवास हेतु प्रयास करना।
16 महिलाओं के प्रति फैली हुई सामाजिक कुरीतियों जैसे–भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, छेड़–छाड़ तथा अन्य कुरीतियों को समाप्त करने का हर सम्भव प्रयत्न करना।

सतीश

17 समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, तथा अन्य जिनसे समाज का धन व समय का अपव्यय होता हो उसके विरूद्ध जागरूकता उत्पन्न करना तथा समाज एवं सरकार से सहायता लेकर उन्हें समाप्त करने का प्रयास करना।

18 ऐसे कोई भी कार्य जिससे मानवीय अधिकारों का संवैधानिक उल्लंघन होता हो, मूल अधिकारों का उल्लंघन होता हो, उन कार्यों के विरूद्ध जागरूकता उत्पन्न करना, तथा समाज एवं सरकार से सहायता लेकर उन्हें समाप्त करने का हर सम्भव प्रयास करना।

19 जल एवं पर्यावरण एवं प्राकृतिक आपदाओ के सम्बन्ध मे जागरूकता पैदा करना प्रचार करना, रिसर्च करना तथा सुधार सम्बन्धी सभी कार्य करना।

20 गरीब व बेरोजगारी उन्मूलन के लिये हर सम्भव कार्य करना।

21 निर्धन एवं अनाथ बालक/बालिकाओं तथा बेसहारा महिलाओं के लिये सिलाई, कढाई, बुनाई, ब्यूटी पार्लर केन्द्र एवं कम्प्यूटर सैन्टर, जैसे अन्य किसी भी प्रकार के सुलभ केन्द्रो की स्थापना कर महिलाओं को ट्रेनिंग देना एवं केन्द्रों का संचालन करना।

22 प्रतिभाशाली बच्चों जिन्होने पढाई, खेल तथा अन्य किसी भी क्षेत्र में अपने अतिरिक्त कोशलता, प्रतिभा का प्रदर्शन किया हो उनकी शैक्षिक, आर्थिक व अन्य हर प्रकार से सहायता करना।

23 केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा पोषित योजनाओ के बारे में जागरूक्ता पैदा करना, उद्योगो एवं स्वंय सेवी समूह की स्थापना करना तथा जरूरत मंद लोगों की हर सम्भव मदद करना।

24 गाय, गऊशाला, आयुर्वेदिक औषधि निर्माण एवं वितरण असहाय लोगों को भोजन एवं मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना।

25 आयकर अधिनियम के तहत वर्णित समस्त चैरिटेबिल कार्य किये जायेंगे और ट्रस्ट कोई भी एसा कार्य नहीं करेगा जोकि चैरिटेबिल कार्य की परिभाषा में नहीं आता है।

26 ट्रस्ट के द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया जायेगा जो चैरिटेबिल ना हों अथवा लागू आयकर अधिनियम की चैरिटेबिल प्रावधानों के प्रतीकूल हो।

27 ट्रस्ट की आय व ट्रस्ट के कोष का प्रयोग मुख्यतः निम्न पब्लिक चैरिटेबिल उददेश्य हेतु प्रयोग किया जायेगा।

क. गरीबों को राहत

ख. चिकित्सा राहत

ग. शिक्षा का प्रसार

घ. आम जनता के उपयोग हेतु

और सार्वजनिक धर्मार्थ उददेश्य हेतु सभी कार्य जो किसी खास जाति धर्म, एवं समुदाय के लिये सीमित नहीं होकर सभी पंथ धर्म व समुदाय के उपयोगिता हेतु जिसे ट्रस्टी सही समझे, किया जायेगा।

सतीश

सभी अठारह आजीवन ट्रस्टी सर्वसम्मति से ट्रस्ट– **महिला मानवाधिकार ट्रस्ट, पता–ग्राम–बली, पोस्ट–दुर्वेशपुर, थाना–परिक्षितगढ़, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ** को चलाने के लिए एक मैनेजमेन्ट कमेटी बनाने के लिए सहमत हुए है जो कि निम्न प्रकार होगी–

**प्रबन्धन**

**मैनेजिंग कमेटी**

**मैनेजिंग ट्रस्टीः– श्री सतीश चन्द पुत्र स्व0 श्री धर्मबीर सिंह** ट्रस्ट के आजीवन संस्थापक तथा **मैनेजिंग ट्रस्टी** रहेगें।

1 श्री सतीश चन्द पुत्र स्व0 श्री धर्मबीर सिंह उम्र लगभग 48 वर्ष
पता– ग्राम–बली, पोस्ट–दुर्वेशपुर, थाना–परीक्षितगढ, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ **अध्यक्ष**

2 श्री कुशल पाल सिंह पुत्र स्व0 श्री बिजेन्द्र सिंह उम्र लगभग 30 वर्ष
पता–ग्राम–निडावली, पोस्ट–अल्लीपुर मोरना, थाना–हस्तिनापुर तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ **उपाध्यक्ष**

3 श्रीमती रीनू यादव पत्नी श्री जयवीर सिंह उम्र लगभग 37 वर्ष
पता–ग्राम व पोस्ट–तोफापुर, थाना–इन्चौली, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ **सचिव**

4 श्रीमती सुनीता मावी पत्नी श्री सतीश चन्द उम्र लगभग 45 वर्ष
पता–ग्राम–बली, पोस्ट–दुर्वेशपुर, थाना–परीक्षितगढ, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ **कोषध्यक्ष**

5 श्री रवि शेखर पुत्र श्री धर्मवीर उम्र लगभग 44 वर्ष
पता– पता–ग्राम व पोस्ट–तोफापुर, थाना–इन्चौली, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ **प्रेस प्रभारी**

6 श्रीमती पूनम रानी पत्नी श्री मोहित उम्र लगभग 39 वर्ष
पता– ग्राम व पोस्ट–चितवाना शेरपुर, थाना–परिक्षितगढ, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ **सदस्य**

7 श्रीमती गीता रानी पत्नी श्री रामपाल उम्र लगभग 40 वर्ष
पता– ग्राम–गणेशपुर, पोस्ट–करीमपुर, थाना–हस्तिनापुर, तहसील–मवाना जनपद–मेरठ **सदस्य**

8 श्रीमती पिंकी पत्नी श्री पप्पन उम्र लगभग 36 वर्ष
पता– ग्राम–बिहारगढ इलाहावास, पोस्ट–मोरना, थाना–भोपा, तहसील–जानसठ, जनपद– मुजफफरनगर **सदस्य**

9 श्रीमती रेखा पत्नी श्री तिलक उम्र लगभग 40 वर्ष
पता– ग्राम व पोस्ट–शुक्रताल, थाना–भोपा, तहसील–जानसठ, जनपद–मुजफ्फरनगर **सदस्य**

10 श्रीमती राधा पत्नी श्री धीरज सैनी उम्र लगभग 32 वर्ष
पता– ग्राम–बातनोर, पोस्ट–फलावदा, थाना–फलावदा, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ **सदस्य**

11 श्रीमती बबीता पत्नी श्रीपाल सिंह उम्र लगभग 38 वर्ष
पता–ग्राम–कटीरा जाफराबाद, पोस्ट–भैना, थाना–बहादुरगढ तहसील–गढमुक्तेश्वर, जनपद–हापुड **सदस्य**

सतीशचन्द

12 श्रीमती नीरज पत्नी श्री सुशील कुमार उम्र लगभग 44 वर्ष
पता–ग्राम व पोस्ट–दर्वेशपुर, थाना–परिक्षितगढ, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ
सदस्य

13 श्रीमती ममता पत्नी श्री प्रवीन वर्मा उम्र लगभग 39 वर्ष
पता– 1305, मोहल्ला काबलीगेट, हस्तिनापुर रोड, थाना–मवाना, जनपद–मेरठ
सदस्य

14 श्रीमती बबीता पत्नी श्री मदन सिंह उम्र लगभग 42 वर्ष
पता– ग्राम– इन्दरपुरा, राधना इनायतपुर, थाना–किठौर, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ
सदस्य

15 श्रीमती संजू देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश भाटी उम्र लगभग 51 वर्ष
पता– ग्राम– इन्दरपुरा, रार्धना इनायतपुर, थाना–किठौर, तहसील–मवाना, जनपद–मेरठ
सदस्य

16 श्रीमती सुमन पत्नी श्री मनीराम उम्र लगभग 43 वर्ष
पता– ग्राम व पोस्ट–रसूलपुर औरंगाबाद थाना–भावनपुर तहसील–मेरठ जनपद–मेरठ
सदस्य

17 श्रीमती सुमन पत्नी श्री सुबोध मावी उम्र लगभग 44 वर्ष
पता– 7, ब्लाक 17, स्प्रिंग फील्ड कॉलोनी, सेक्टर–31–32, फरीदाबाद, हरियाणा
सदस्य

18 श्रीमती ममता पत्नी श्री योगेन्द्र कुमार उम्र लगभग 41 वर्ष
पता–ग्राम–ढोलपुर, पोस्ट–भैना ढोलपुर, थाना–बहादुरगढ, तहसील–गढमुक्तेश्वर, जनपद–हापुड
सदस्य

**1– क– सदस्यता:–** जो सज्जन 18 वर्ष से अधिक आयु का हो, नैतिक आचरण वाला हो, दिवालिया न हो, पागल न हो, सर्वोदय विचार वाला हो, ट्रस्ट के उद्देश्यों के प्रति पुर्ण निष्ठा रखता हो।

**ख– सदस्यों के वर्ग:–**

**आजीवन ट्रस्टीगण–** ट्रस्ट के अठारह आजीवन ट्रस्टीगण के अतिरिक्त नये आजीवन ट्रस्टी बननें हेतु वह राशी जो प्रबन्धकारिणी द्वारा तय की जाये जो न्यूनतम रू0 51,000/– होगी अथवा इससे अधिक सम्पत्ति दानस्वरूप देने वाले सदस्यों को ट्रस्टी नियुक्त किया जा सकता हैं लेकिन उसके लिये ट्रस्टीगण की बहुमत से सहमति तथा अध्यक्ष की अनुमति अनिवार्य हैं।

**अ– आजीवन सदस्य** :– जो सज्जन ट्रस्ट को एक मुश्त 11000/– रू0 नकद या इससे अधिक सम्पत्ति दान स्वरूप देगा, आजीवन सदस्य कहलायेगा।

**ब– सामान्य वार्षिक सदस्य** :–जो सज्जन ट्रस्ट को एक मुश्त 100/– रू नकद या इससे अधिक सम्पत्ति दान स्वरूप देगा, सामान्य वार्षिक सदस्य कहलायेगा। लेकिन उसे लगातार तीन वर्षो की सदस्यता के आधार पर ही चुनाव में भाग लेने का अधिकार होगा।

सतीश चन्द

**स– मनोनीत सदस्य** :– कोइ भी दो व्यक्ति ट्रस्टीगण के बहुमत तथा संस्थापक ट्रस्टी **श्री सतीश चन्द पुत्र स्व0 श्री धर्मबीर सिंह** की सहमती से प्रबन्धकारिणी के सदस्य बनाये जा सकते हैं तथा इन्हें वोट देने का भी अधिकार होगा तथा ट्रस्टीगणों की सहमति से इन्हें पदाधिकारी भी बनाया जा सकता हैं।

**2– सदस्यता की समाप्तिः–**

1–सदस्य की मृत्यु होने पर ।
2–सदस्य द्वारा त्याग–पत्र दिये जाने पर ।
3–ट्रस्ट की सदस्यता शुल्क अदा न करने पर ।
4–सदस्य को दिवालिया अथवा पागल घोषित होने पर ।
5–ट्रस्ट के विरूद्ध कार्यों में संलिप्त पाये जाने पर ।
6–ट्रस्ट की तीन मीटिंग में बिना किसी कारण लगातार अनुपस्थित रहने पर ।
7–संस्थापक, ट्रस्टीगण के साथ दुर्व्यवहार करने पर।
8–संस्थापक द्वारा निलम्बित किये जाने पर।

**3– ट्रस्ट के अंग :–**

क– ट्रस्टीगण
ख– प्रबन्धकारिणी समिति।
ग– आजीवन सदस्य
घ– साधारण वार्षिक सदस्य
ड– मनोनीत सदस्य

**4– साधारण सभाः–**

**क–गठन** :– ट्रस्ट के सभी प्रकार के सदस्यों को मिलाकर बनाया गया समूह ही साधारण सभा कहलायेगी। जिसमे वार्षिक सदस्यों को लगातार तीन वर्षो की सदस्यता के आधार पर वोट डालने का अधिकार होगा।

**ख–बैठकें:–** साधारण सभा की सामान्य बैठक वर्ष में एक बार एवं विशेष बैठक कभी भी बुलाई जा सकती है।

**ग–सूचनाः–** समान्य बैठक की सूचना 15 दिन पूर्व एवं विशेष बैठक की सूचना 24 घंटे पूर्व दी जायेगी सूचना डाक या स्पेशल मैंसेजर द्वारा दी जायगी ।

**घ–कोरमः–** साधारण सभा की बैठक का कोरम कुल संख्या का दो तिहाई होगा, कोरम के अभाव में स्थगित की गयी बैठक के लिए कोरम को पाबन्दी न होगी, यदि उन्ही विषयों पर विचार होता हो।

**ड–विशेष वार्षिक अधिवेशनः–** ट्रस्ट का विशेष वार्षिक अधिवेशन वर्ष में एक बार हुआ करेगा जिसकी तिथि प्रबन्धसमिति द्वारा निर्धारित की जायेगी

सतीश चन्द

5— प्रबन्धकारिणी समिति :—

क—गठनः— ट्रस्ट की प्रबन्धकारिणी समिति का गठन साधारण सभा द्वारा अपने सदस्यों में से बहुमत द्वारा होगा। जो आवश्यकता पड़ने पर घट बढ़ सकेगी।

ख—बैठकें:— सामान्य बैठक वर्ष में कम से कम दो बार एवं विशेष बैठक कभी भी अध्यक्ष के निर्देश पर बुलाई जा सकती है।

ग—सूचनाः— सामान्य बैठक की सूचना 07 दिन पूर्व एवं विशेष बैठक की सूचना 24 घंटे पूर्व दी जायेगी, सूचना डाक या स्पेशल मैसेंजर द्वारा दी जायेगी।

घ—कोरमः— प्रबन्धकारिणी समिति का बैठक का कोरम तीन चौथाई होगा, कोरम के अभाव में स्थगित की गयी बैठक की पाबन्दी न होगी, यदि उन्ही विषयों पर विचार होता हो।

ङ—रिक्त पद की पूर्ति :—

प्रबन्धकारिणी समिति में आकस्मिक रिक्त पद होने पर उसकी पूर्ति प्रबन्धकारिणी समिति स्वयं साधारण सभा सदस्यों में से बहुमत द्वारा शेष कार्यकाल की अवधि के लिए कर लेगी। जिसमें मैनेजिंग ट्रस्टी/ अध्यक्ष की अनुमति अनिवार्य होगी।

**ट्रस्ट मण्डल के अधिकार एवं कर्तव्य :—**

1— सभी ट्रस्टियों (केवल ट्रस्टी) को मिलाकर ट्रस्ट मण्डल बनेगा।
2— सभी प्रकार के वित्तीय अधिकार ट्रस्ट मण्डल के पास सुरक्षित रहेंगे।तथा किसी भी विवाद की स्थिति में बहुमत के आधार पर निर्णय होगा। जिसमें मैनेजिंग ट्रस्टी की अनुमति अनिवार्य होगी।
3— ट्रस्ट के आय व्यय की रिपोर्ट, बजट आदि को पास करना।
4— ट्रस्ट की नीति निर्धारित करना।
5— ट्रस्ट के भृष्ट सदस्यों को निकालना।

**साधारण सभा के अधिकार एवं कर्तव्य :—**

1— संस्था के प्रबन्धकारिणी समिति का चुनाव करना।
2— ट्रस्ट के नियमों विनियमों में संशोधन, परिवर्तन 2/3 बहुमत से पास करना।

**प्रबन्धकारिणी समिति के अधिकार एवं कर्तव्य :—**

1— ट्रस्ट के नियमों—विनियमों में संशोधन करना।
2— ट्रस्ट के प्रबन्ध संचालन हेतु कर्मचारियों, अधिकारियों की नियुक्ति करना।
3— ट्रस्ट की वार्षिक रिपोर्ट, बजट आदि को तैयार कराना।
4— प्रबन्धकारिणी समिति में आकस्मिक रिक्त पद की पूर्ति करना।
5— यह सुनिश्चित करना कि कोई भी ट्रस्टी या अन्य किसी भी प्रकार का सदस्य ट्रस्ट में लाभान्वित नहीं होगा ना ही उसे ट्रस्ट के किसी अंश को प्राप्त करने का अधिकार होगा।

6– प्रबन्धकारिणी समिति के पदाधिकारियों के अधिकार एवं कर्तव्य :–

**अध्यक्ष :–**

मैनेजिंग ट्रस्टी/संस्थापक

**श्री सतीश चन्द पुत्र स्व0 श्री धर्मबीर सिंह** जो कि ट्रस्ट के **संस्थापक** हैं ट्रस्ट के **अध्यक्ष** एवं **मैनेजिंग ट्रस्टी** रहेंगे तथा यह पद आजीवन रहेगा। लेकिन ये स्वेच्छा से किसी भी पद से त्याग पत्र दे सकते हैं।

1. संस्था की समस्त प्रकार की सभाओं की अध्यक्षता करना।
2. बैठकों के लिए समय, दिनांक आदि का अनुमोदन करना एवं बेठकों की कार्यवाही को सूचारु रूप से चलाना।
3. समान मत होने पर अपना निर्णायक मत देना।
4. ट्रस्ट के समस्त बाउचरों, अभिलेखो पर हस्ताक्षर करना एवं उनको आवश्यकता पड़ने पर प्रमाणित भी करना।
5. ट्रस्ट के द्वारा संचालित संस्थान, आदि के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति, वेतनवृद्धि, पदोन्नति, डिमोशन आदि सम्बन्धी कार्यवाही करना।

**उपाध्यक्ष :–** अध्यक्ष द्वारा सौंपे गये कार्य करना तथा उनके कार्यो में सहयोग देना।

**सचिव :–**

1–ट्रस्ट के अभिलेखों का रख रखाव करना व मीटिंग की कार्यवाही को रजिस्टर में दर्ज कराना, अभिलेख पूर्ण कराना।
2–ट्रस्ट के सदस्य/कर्मचारी के त्याग–पत्र को अध्यक्ष की स्वीकृति के बाद संस्तुति करना।
3–सभाओं, कार्यक्रमों आदि के लिए दिनांक, समय का निर्धारण कर अध्यक्ष के अनुमोदन के बाद सूचना जारी करना।
4–ट्रस्ट के अन्तर्गत संचालित संस्था आदि के संचालन हेतु समस्त प्रकार की ट्रस्ट की ओर से पत्र व्यवहार करना।
5–ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु दान, चन्दा, ऋण, अनुदान, भूमि, भवन, चल अचल सम्पत्ति विभिन्न स्रोतों से प्राप्त करने हेतु कार्यवाही करना।
6–ट्रस्ट के हित में कार्य करना।

**उपसचिव :–** सचिव द्वारा सौंपे गये कार्य करना तथा उनके कार्यो में सहयोग देना।

**कोषाध्यक्ष :–**

1– ट्रस्ट के आय व्यय से सम्बन्धित सभी अभिलेख तैयार करना, उनमें धनराशि का इन्द्राज करना।
2– ट्रस्ट के आय व्यय की रिपोर्ट, बजट तैयार कराकर बैठक में प्रस्तावित करना।
3– मैनेजिंग ट्रस्टी/अध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा सौंपे गये कार्य करना।

सतीश चन्द

## विशेषः–

**(1) संस्थापक** –

1. किसी भी विवाद की स्थिति में इनका निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।

2. पूरी प्रबन्धकारिणी कमेटी संस्थापक की सहमति से कार्य करेंगी।

**(2) मैनेजिंग ट्रस्टी–** 1. ट्रस्ट के सभी कार्यों की देखभाल करना।

2. ट्रस्ट का सम्पूर्ण संचालन इनके हाथ में रहेगा।

3. मैनेजिंग ट्रस्टी को अपने जीवन काल में ही अपना उत्तराधिकारी वसीयत द्वारा किसी को भी चुनने का अधिकार होगा। परन्तु उनकी आकस्मिक मृत्यु होने पर अथवा किन्हीं भी परिस्थितियों में उनके स्वयं स्वेच्छा से त्याग पत्र देने पर उस समय के वर्तमान ट्रस्टीयों की सहमती से ट्रस्टीयों के द्वारा बहुमत से मैनेजिंग ट्रस्टी चुना जा सकेगा।

**(3)** ट्रस्ट का जो सदस्य लिखित में त्याग–पत्र देगा अथवा दिवालिया घोषित हो जायेगा, मानसिक या शारीरिक रूप से असमर्थ हो जायेगा अथवा मृत्यु हो जाने पर उसकी सदस्यता स्वतः समाप्त मानी जायेगी।

**(4)** ट्रस्ट की सम्पत्ति किसी भी परिस्थिति में विक्रय नहीं की जायेगी। इसका सभी प्रकार का अधिकार ट्रस्टीगणों का रहेगा।

**(5)** ट्रस्ट के सदस्यों की सभा वर्ष में तीन बार होगी। कोरम के लिये आधे सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। ट्रस्ट की सभा का जो निर्णय होगा वह बहुमत से होगा। बराबर वोट होने पर अध्यक्ष की वोट से निर्णय होगा।

**(6)** ट्रस्ट के सदस्यों को दान, अनुदान सहयोग निधि किसी भी सरकारी, गैर सरकारी सस्था अथवा किसी भी व्यक्ति या ट्रस्ट से लेने का अधिकार होगा।

**(7)** ट्रस्टीगणों की सभा " **महिला मानवाधिकार ट्रस्ट** " द्वारा निर्धारित स्थान पर होगी जिसकी एक सप्ताह पूर्व लिखित अथवा मौखिक सूचना सचिव द्वारा सभी सदस्यों कों दी जायेगी। विशेष बैठक की सूचना 3 दिन पूर्व देनी होगी।

I. ट्रस्ट के सदस्यों की साधारण सभा वर्ष में एक बार होगी जिसमें ट्रस्ट का लेखा जोखा सचिव द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

II. ट्रस्ट की कार्यकारिणी/प्रबन्धसमिति की बैठक जिसमें अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष है वर्ष में तीन बार होगी।

III. आवश्यकतानुसार सदस्यों की प्रार्थना पर अध्यक्ष की आज्ञा से विशेष बैठक बुलाई जा सकती है।

**(8)** यह ट्रस्ट Irrevocable (अविखण्डनीय) है तथा किसी भी परिस्थिति में revoke नहीं किया जायेगा।

**(9)** इस ट्रस्ट से लाभ पाने वाले व्यक्ति किसी एक जाति या वर्ग से सीमित नहीं होंगे बल्कि इस ट्रस्ट का लाभ समाज के सभी धर्मों के लोगों को मिलेगा अर्थात ट्रस्ट के लाभ किसी जाति या धर्म या वर्ग तक सीमित न रहकर समाज के सभी धर्मों के लोगों को मिलेगा।

**(10)** ट्रस्ट का कोई भी सदस्य ट्रस्ट के किसी भी कार्य में व्यक्तिगत रूप से लाभ हानि का हिस्सेदार नहीं होगा तथा ट्रस्ट का प्रत्येक कार्य और लाभ जनहित के लिए होगा।


आवेदन सं०: 202400733016335

न्यास पत्र

वर्ष: 2024

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 38

प्रतिफल- 10000 स्टाम्प शुल्क- 750 बाजारी मूल्य - 0 पंजीकरण शुल्क - 100 प्रतिलिपिकरण शुल्क - 80 योग : 180





श्री सतीश चन्द ,
पुत्र श्री स्व० धर्मबीर सिंह
व्यवसाय : अन्य
निवासी: ग्राम बली पोस्ट दुर्वेशपुर तहसील मवाना जिला मेरठ

ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनाँक 19/06/2024 एवं 02:49:52 PM बजे निबंधन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

शरद श्रीवास्तव प्रभारी
उप निबंधक :मवाना
मेरठ
19/06/2024

शरद श्रीवास्तव .
निबंधक लिपिक
19/06/2024

प्रिंट करें

7— **नियमों—विनियमों में संशोधन प्रक्रिया :—**

ट्रस्ट के नियमों—विनियमों में संशोधन प्रक्रिया प्रबन्धसमिति के अनुमोदन हाने के दस दिन बाद साधारण सभा की बैठक में दो तिहाई बहुमत पूर्ण होने पर संशोधन/परिवर्तन मान्य होगा।

8— **ट्रस्ट का कोष :—**

1—ट्रस्ट का धन किसी मान्यता प्राप्त बैंक अथवा डाकघर में ट्रस्ट के नाम के खाते में जमा किया जा सकेगा जो **अध्यक्ष/मैनेजिंग ट्रस्टी/संस्थापक** तथा **सचिव** एवं **कोषाध्यक्ष** के संयुक्त हस्ताक्षरों से खोला जायेगा एवं उन्हीं में से किन्हीं दो के हस्ताक्षर से संचालित हो सकेगा।

2— ट्रस्ट के कोष का निवेश किसी भी ऐसे कोष में नही किया जायेगा जोकि लागू आयकर अधिनियम में प्रतिबन्धित हो तथा वर्तमान में पंजीकरण के समय इस ट्रस्ट के नाम में कोई चल—अचल सम्पत्ती नही है।

9— **आय व्यय लेखा परीक्षण :—**

ट्रस्ट के आय व्यय का वार्षिक आडिट प्रबन्धसमिति द्वारा नियुक्त योग्य आडिटर अथवा चार्टेड एकाउण्टेंट द्वारा कराया जायेगा, जो कि पहली अप्रैल से 31 मार्च तक का होगा।

10— **अभिलेख :—** सदस्यता रजिस्टर, कार्यवाही रजिस्टर, एजेण्डा, लेजर, कैश बुक रसीद बुक आदि जो भी आवश्यक हो, रखे जायेंगे।



(11) ट्रस्ट का धन एवं सम्पत्ति केवल ट्रस्ट के उददेश्यों की पूर्ति के लिए प्रयोग किया जायेगा। यह ट्रस्ट पूरी तरह से लाभरहित रहेगी तथा ट्रस्ट का कोई भी सदस्य इसमें लाभ के पद पर नहीं रहेगा।

(12) ट्रस्ट को किसी कारण से विघटन करना पड़ जाये तो ट्रस्ट की समस्त सम्पत्ति जो उस पर दायित्व होगा उसके निरतारण के पश्चात् व समस्त सम्पत्ति किसी अन्य ट्रस्ट या सोसायटी जो इसी प्रकार के उददेश्यों की पूर्ति करता हो, को हस्तांतरित कर दी जायेगी।

**11– प्रबन्धकारिणी चुनाव**

1. प्रबन्धकारिणी कमेटी का चुनाव पांच साल में एक बार किया जायेगा।
2. अध्यक्ष पद आजीवन रहेगा तथा सभी पदों पर चुनाव किया जायेगा।
3. प्रबन्धकारिणी कमेटी का चुनाव की प्रक्रिया ट्रस्टीगणों की सहमति से निश्चित किये गये चुनाव अधिकारी द्वारा सम्पन्न की जायेगी। जिसका अंतिम निर्णय मैनेजिंग ट्रस्टी के पास सुरक्षित रहेगा।
4. समय समय पर आवश्यकतानुसार ट्रस्ट मण्डल द्वारा अन्य कमेटीयों का गठन/नियुक्ति करके उन्हें अधिकार और कर्तव्य सामूहिक रूप से अथवा व्यक्तिगत रूप से सौंप सकता है। इस प्रकार गठित/नियुक्ति कमेटी कर्तव्यों का निर्वाह इस प्रकार करेगी जैसे न्यास मण्डल द्वारा वे स्वयं किये गये हों।
5. ट्रस्ट मण्डल द्वारा किये गये नियुक्त/गठित कमेटी के अधिकारो को ट्रस्ट मण्डल द्वारा स्वेच्छा से कभी भी वापिस लिया जा सकता है।
6. यह आवश्यक नहीं होगा कि नियुक्त/गठित कमेटी के सदस्य ट्रस्टी भी हो।

**12– <u>ट्रस्ट का आय व्यय</u>**

1. कार्यकारिणी – प्रतिवर्ष आय व्यय का अंकेक्षण करायेगी और 31 मार्च तक का हिसाब किताब पूरा बनाकर मैनेजिंग ट्रस्टी गणों/ट्रस्टियों को अवगत करायेगी।
2. व्यय की अनुसूचियों/बिलों आदि पर मैनेजिंग ट्रस्टी/कोषाध्यक्ष के हस्ताक्षर होने अनिवार्य हैं।
3. ट्रस्ट के व्यय का लेखा जोखा मैनेजिंग ट्रस्टी के हस्ताक्षर से होना अनिवार्य है। सामान्य परिस्थिति में कोषाध्यक्ष रूपये 5000/– तक अपने पास रख सकता है **अथवा मैनेजिंग ट्रस्टी की सहमती से उनके द्वारा निर्धारित** कोई भी नकद धनराशि उसी दिन या अगले कार्य दिवस में बैंक की कार्य अवधि में बैंक में जमा करायी जायेगी।

**13– <u>न्याय से सम्बन्धित किसी भी विवाद का निपटारा</u>**

1. कार्यकारिणी, सदस्यो और ट्रस्टियों के बीच मतभेद पर विवादित विषय को मैनेजिंग ट्रस्टीगण के पास विचार और पंचाट हेतु भेजा जायेगा और उनका निर्णय सर्व स्वीकार्य होगा।
2. ट्रस्ट के द्वारा अथवा उसके विरूद्ध अदालती कार्यवाही के संचालन का उत्तरदायित्व अध्यक्ष अथवा उसके द्वारा नियुक्त पदाधिकारी का होगा एवं न्यायालय क्षेत्र ट्रस्ट के ग्रह जनपद अर्थात जनपद– मेरठ होगा।

आवेदन सं०: 202400733016335

वर्ष: 2024

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 38

**निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमुन व प्राप्त धनराशि रु प्रलेखानुसार उक्त**

**न्यासी: 1**





श्री सतीश चन्द, पुत्र श्री स्व० धर्मबीर सिंह

निवासी: ग्राम बली पोस्ट दुर्वेशपुर तहसील मवाना जिला मेरठ

व्यवसाय: अन्य

**ने निष्पादन स्वीकार किया । जिनकी पहचान**

**पहचानकर्ता : 1**





श्री सतवीर, पुत्र श्री भगवत

निवासी: ग्राम फतेहपुर, हंसापुर बहसुमा जिला मेरठ

व्यवसाय: अन्य

**पहचानकर्ता : 2**




श्री जयवीर, पुत्र श्री मेहर चन्द

निवासी: ग्राम तोफापुर जिला मेरठ

व्यवसाय: अन्य

**रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर**

**शरद श्रीवास्तव प्रभारी**
**उप निबंधक : मवाना**
**मेरठ**
**19/06/2024**

ने की । प्रत्यक्षतः भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिए गए है ।

टिप्पणी :

**शरद श्रीवास्तव .**
**निबंधक लिपिक मेरठ**
**19/06/2024**

प्रिंट करें

14—विघटन

1— ट्रस्ट को किसी कारण से विघटन करना पड़ जाये तो ट्रस्ट की समस्त सम्पत्ति जो उस पर दायित्व होगा, उसके भुगतान के पश्चात् मैनेजिंग ट्रस्टी एवं ट्रस्टीगणों के निर्णय के अनुसार सर्वसहमति से किसी अन्य ट्रस्ट या सोसायटी जो इसी प्रकार के उद्देश्यों की पूर्ति करता हो, को हस्तांतरित कर दी जायेगी।

2— ट्रस्ट के विघटन होने पर कोई सदस्य लाभ या हानि में यदि कोई हो, तो हिस्सेदार नहीं होगा।


अतः गवाहान की उपस्थिति में यह विलेख उपरोक्त वर्णित तिथि को मेरठ में निष्पादित किया गया।

सतीश चन्द

संस्थापक / मैनेजिंग ट्रस्टी

श्री सतीश चन्द पुत्र स्व0 श्री धर्मबीर सिंह
पता:— ग्राम—बली, पोस्ट—दुर्वेशपुर,
थाना—परिक्षितगढ़, तहसील—मवाना,
जनपद—मेरठ


ट्रस्ट— महिला मानवाधिकार ट्रस्ट,
पता—ग्राम—बली, पोस्ट—दुर्वेशपुर, थाना—परिक्षितगढ़, तहसील—मवाना, जनपद—मेरठ



गवाह नम्बर (1) नाम— सतवीर

पिता का नाम— भगवत

पता— ग्राम- फतेहपुर, ... बहसुमा, मेरठ जनपद



गवाह नम्बर (2) नाम— जयवीर

पिता का नाम— मेहर चन्द

पता— ग्राम - तोफापुर, जनपद मेरठ

VINEET KUMAR JAIN
Advocate
F-6, New Law Chamber Building
Civil Court, Meerut (U.P.)
Mob. No.: 09368555540

श्री विनीत कुमार जैन एडवोकेट द्वारा समक्ष प्रस्तुत कागजातों के आधार पर सत्यापित कर आज दिनॉक : 19—06—2024 को प्रस्तुत किया गया।

14—विघटन

1— ट्रस्ट को किसी कारण से विघटन करना पड़ जाये तो ट्रस्ट की समस्त सम्पत्ति जो उस पर दायित्व होगा, उसके भुगतान के पश्चात् मैनेजिंग ट्रस्टी एवं ट्रस्टीगणों के निर्णय के अनुसार सर्वसहमति से किसी अन्य ट्रस्ट या सोसायटी जो इसी प्रकार के उद्देश्यों की पूर्ति करता हो, को हस्तांतरित कर दी जायेगी।

2— ट्रस्ट के विघटन होने पर कोई सदस्य लाभ या हानि में यदि कोई हो, तो हिस्सेदार नहीं होगा।


अतः गवाहान की उपस्थिति में यह विलेख उपरोक्त वर्णित तिथि को मेरठ में निष्पादित किया गया।

सतीश चन्द

संस्थापक/मैनेजिंग ट्रस्टी

**श्री सतीश चन्द पुत्र स्व0 श्री धर्मबीर सिंह**
**पताः— ग्राम—बली, पोस्ट—दुर्वेशपुर,**
**थाना—परिक्षितगढ़, तहसील—मवाना,**
**जनपद—मेरठ**

**ट्रस्ट— महिला मानवाधिकार ट्रस्ट,**
पता—ग्राम—बली, पोस्ट—दुर्वेशपुर, थाना—परिक्षितगढ़, तहसील—मवाना, जनपद—मेरठ




**गवाह नम्बर (1) नाम—** सतवीर

**पिता का नाम—** भगवत सतवीर

**पता—** ग्राम- फतेहपुर, इस्लामपुर, बहसुमा, मेरठ जनपद

VINEET KUMAR JAIN
Advocate
F-6, New Law Chamber Building
Civil Court, Meerut (U.P.)
Mob. No.: 09368555540



**गवाह नम्बर (2) नाम—** जयवीर

**पिता का नाम—** मेहरचन्द

**पता—** ग्राम - तोफापुर, जनपद मेरठ

VINEET KUMAR JAIN
Advocate
F-6, New Law Chamber Building
Civil Court, Meerut (U.P.)
Mob. No.: 0936855554

श्री विनीत कुमार जैन **एडवोकेट** द्वारा समक्ष प्रस्तुत कागजातों के आधार पर सत्यापित कर आज दिनॉक : 19—06—2024 को प्रस्तुत किया गया।

VINEET KUMAR JAIN
Advocate
F-6, New Law Chamber Building
Civil Court, Meerut (U.P.)